प्रादेशिक समाचार

दिनांक–12.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत चार सीटों पर मतदान कल, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा–मतदान केंद्र में तस्वीर–वीडियो लेना अपराध, वोटर कार्ड नहीं होने पर भी मतदाता कर सकते हैं वोटिंग।
- भातरीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और झामुमो पर विकास कार्यों में बाधा डालने का लगाया आरोप, मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा–राज्य समेत देश भर में इंडी गठबंधन को मिल रहा जनसमर्थन।
- झारखण्ड उच्च न्यायालय ने पिछले सत्तर दिनों में चौबीस हजार सात सौ उनहत्तर मामलों का निपटारा करते हुए कायम किया रिकॉर्ड, कुल लंबित मामलों में आयी छह से अधिक प्रतिशत की कमी।
- झारखंड शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, जेसीइआरटी ने इस शैक्षणिक सत्र में कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों के बीच पाठ्य पुस्तकों के वितरण के दिए निर्देश, पांच जून से होगा किताबों का वितरण, और
- रांची जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित सुपर डिवीजन क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मेकॉन की टीम ने सेल को छह विकेट से हराकर जीता खिताब।

***************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने कहा है कि मतदान केंद्र में तस्वीर खींचना और वीडियो रिकॉर्डिंग करना अपराध है। कल रांची में एक प्रेस वार्ता के दौरान श्री कुमार ने मतदाताओं से ऐसा नहीं करने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वोटर कार्ड नहीं होने पर भी मतदाता वोटिंग कर सकेंगे। मतदान के लिए सिर्फ मतदाता सूची में नाम होना जरूरी है। इसके बाद किसी भी पहचान पत्र के आधार पर मतदान किया जा सकेगा।

***************

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत कल राज्य की चार लोकसभा सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में मतदान होगा। इससे सम्बंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि मतदाता किसी भी तरह की जानकारी या समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं। इधर, मतदान के लिए सभी संबधित निर्वाचन क्षेत्रों में पोलिंग पार्टियों को आज रवाना किया जा रहा है। इससे पहले सभी सम्बंधित निर्वाची पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से सभी मतदान कर्मियों को उनके कार्य और दायित्वों की जानकारी दी। निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार इस चरण में कुल सात हजार पांच सौ पंचानबे केंद्रों पर मतदान होगा।

***************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखण्ड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस पार्टी पर विकास कार्यों में बाधक बनने का आरोप लगाया है। श्री मोदी ने कल चतरा जिले के सिमरिया में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों को आदिवासियों की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि ये लोग भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और आदिवासियों के अधिकार को छीनना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि एनडीए चार सौ सीटों के आंकड़े को पार करेगा और कांग्रेस पार्टी को तिरपन से भी कम सीटें मिलेंगी। इधर, मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि इंडिया गठबंधन को झारखण्ड समेत देश भर में भरपूर समर्थन मिल रहा है। सोशल मीडिया पर श्री सोरेन ने लिखा है कि पिछले चार वर्षों में उनकी सरकार ने आम जनता के लिए कई कल्याणकारी कार्य किये हैं, जिसके कारण इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों को गांव से लेकर शहर तक आम जनता का पूरा स्नेह मिल रहा है। वहीं, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की नेत्री कल्पना सोरेन ने कल पलामू में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार किसानों और गरीबों का विकास नहीं करना चाहती है।

***************

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार देवघर जिले में आज नहीं तीसरे दिन पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के लिए पुलिस लाईन और विकास भवन में मतदान केन्द्र बनाया गया है, ताकि पोस्टल बैलेट के माध्यम से आवश्यक सेवा से जुड़े लोग मतदान कर सकें।

***************

झारखण्ड उच्च न्यायालय ने पिछले सत्तर दिनों में चौबीस हजार सात सौ उनहत्तर मामलों का निपटारा करते हुए एक रिकॉर्ड कायम किया है। इतने मामलों का निपटारा होने पर कुल लंबित मामलों में लगभग छह प्रतिशत से अधिक की कमी आयी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस चंद्रशेखर सहित उन्नीस न्यायाधीशों द्वारा लंबित मामलों में कमी लाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है। इस वर्ष से पहली जनवरी को कुल पचासी हजार पांच सौ तिरानबे मामले अदालत में लंबित थे। इसमें से उच्च न्यायालय ने पहली जनवरी से लेकर तीन अप्रैल तक सिर्फ सत्तर कार्य दिवसों में चौबीस हजार सात सौ उनहत्तर मामलों का निपटारा किया है।

***************

सरायकेला खरसावां जिले में कल सिंहभूम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले चुनाव को लेकर मतदान कर्मियों को रवाना किया जा रहा है।

***************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

***************

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने तरल राकेट इंजन का सफल परीक्षण कर कीतिर्मान रचा है। इस इंजन को अत्याधुनिक एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग तकनीक का उपयोग करके बनाया गया है। नए इंजन का उपयोग पीएसएलवी प्रक्षेपण यान के चौथे चरण और पीएसएलवी में पहले चरण की प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणाली में भी किया जाएगा।

***************

झारखंड शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, जेसीइआरटी ने शैक्षणिक सत्र दो हजार चौबीस पच्चीस में कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के बीच पाठ्य पुस्तकों के वितरण के निर्देश दिए हैं। आदर्श अचार संहिता के समाप्त होते ही पांच जून से छात्र–छात्राओं के बीच किताबों का वितरण शुरू कर दिया जायेगा। परिषद् के निदेशक आदित्य रंजन ने इस सम्बन्ध में सभी जिलों के शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिख कर इसकी जानकारी दी है। इसके तहत राज्य के सभी श्रेणी के सरकारी विद्यालयों और मदरसों में समग्र शिक्षा के तहत किताबों का वितरण किया जायेगा।

***************

रांची जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित सुपर डिवीजन क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में केंद्र सरकार के संस्थान मेकॉन की टीम ने स्टील ऑथोरिटी ऑफ़ इंडिया, सेल को हराकर ख़िताब अपने नाम कर लिया। रांची में कल खेले गए इस मैच में मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब ने आर एन्ड डी सेल को छह विकेट से हरा दिया। झारखण्ड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सहाय और सचिव देवाशीष चक्रवर्ती ने विजेता और उपविजेता टीम के बीच पुरस्कार वितरण किया।

***************

भारत के साहिल सिलवाल और विक्रांत मलिक ने कल स्लोवेनिया के क्रांज में पैट्रिका केवेटाना 2024 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में मेमोरियल मैटिका सस्टेरसिका में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। इधर, अमन सहरावत 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बन गए हैं। एशियाई चौंपियन सहरावत ने कल इस्तांबुल में विश्व कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में पेरिस कोटा हासिल किया।

***************

अखबारों की सुर्खियां –

राज्य के अधिकांश अखबारों ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल चतरा जिले के सिमरिया में हुई जनसभा की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर और दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री के उस बयान को हेडलाइन बनाई है, जिसमें उन्होंने कहा है कि शहजादे को इस बार उनकी उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी।

प्रभात खबर ने रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कॉलेजों के स्नातक सत्र में फेल हुए विद्यार्थियों द्वारा पास किये जाने को लेकर हो हंगामा करने की खबर को प्रमुखता से छापा है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है कि राज्य में गर्मी की चपेट में आने पर लोगों को उसी स्थान पर जल्द उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए नेशनल हेल्थ मिशन के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी ने सभी एम्बुलेंस में संसाधन उपलब्ध रखने के निर्देश दिये हैं।

वहीं अंग्रेजी अखबार द संडे टाइम्स ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के उस बयान को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है जिसमें उन्होंने कहा है कि देश में अगर एनडीए की सरकार बनती है तो पाक अधिकृत कश्मीर, पीओके भारत का हिस्सा होगा।

हिन्दुस्तान टाइम्स ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के उस बयान को प्रकाशित किया है जिसमें उन्होंने कहा है कि झारखंड में धर्मांतरण की गतिविधियां तेज हैं और इसके खिलाफ आवाज उठाये जाने की जरूरत है।

***************